प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 26 अगस्त 2024 समय 1305

देशभर में जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। दुनिया भर के मंदिरों में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए भारी संख्या में जुट रहे हैं।इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी से भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को अपनाने और देश की प्रगति तथा समृद्धि के लिए काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्यौहार सभी को भगवान श्री कृष्ण के दिव्य आदर्शों के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा देता है।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जन्माष्टमी आध्यात्मिक महत्व का दिन है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में भगवान कृष्ण की शाश्वत शिक्षाओं को प्रतिबिंबित करने और समाज में एकता, शांति और सद्भाव बढ़ाने का आग्रह किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं हैं।

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कल देर शाम कुरुक्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।उन्होंने अपने राजनीतिक संघर्ष के दिनों की यादें साझा करते हुए कार्यकर्ताओं का साथ देने के लिए आभार जताया। श्री सुधा ने कहा कि गत 10 वर्षों में कुरुक्षेत्र में जितने विकास कार्य हुए हैं, इतने किसी सरकार ने नहीं करवाए। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में रेलवे एलिवेटिड ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है और इस से कुरुक्षेत्र को चार फाटकों से निजात मिलेगी।श्री सुधा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कुरुक्षेत्र ज़िले में सड़क व मूलभूत संरचना पर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। कुरुक्षेत्र की के.डी.बी सड़क जो हमेशा खस्ता हाल में रहती थी, उसको भी मज़बूत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ब्रह्म सरोवर पर चलते पानी का इंतज़ाम किया गया है जबकि पहले इसमें तालाब की तरह खड़े पानी का ही प्रबंध था।

कांग्रेस ने कल जींद ज़िले के नरवाना में परिवर्तन रैली का आयोजन किया, जिसको कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और बीरेंद्र सिंह ने संबोधित किया।श्री सुरजेवाला ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी पर हर वर्ग का विरोधी होने और किसानों की भलाई के लिए कुछ भी न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे तो न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बना दिया जायेगा। कांग्रेस नेता ने चुनावी जंग का ऐलान करते हुए एक बार फिर संविधान के साथ छेड़छाड़ को मुद्दा बनाने की कोशिश की और कहा कि संविधान के साथ कोई छेड़खानी नहीं होने दी जाएगी। श्री सुरजेवाला ने जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार, सिरसा और अंबाला के कांग्रेस प्रत्याशियों को जितवाने की अपील की। टिकट बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा कि टिकट मांगना सबका हक है लेकिन टिकट का बंटवारा पार्टी करेगी और एक बार उम्मीदवार घोषित होने के बाद सभी कांग्रेसी नेताओं को उन उम्मीदवारों का समर्थन करना होगा।

कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह ने कल शाम जींद में एक कार्यक्रम को संबोधित किया।बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जींद, विकास को लेकर पिछड़ गया है और उद्योगों के नाम पर यहां कुछ नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि कांग्रेस की सरकार बनी और जींद से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई तो जींद का विकास करवाया जायेगा।उन्होंने कहा कि जींद से आठ मुख्यमार्ग गुज़रते हैं और यहां उद्योग लगने की काफ़ी संभावनाएं हैं। श्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि गुजरात के सूरत की भांति जींद भी औद्योगिक हब बन सकता है। उन्होंने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर भी कटाक्ष किए और उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले उनकी पत्नी श्रीमती बीरेंद्र ने चुनाव का मुक़ाबला देखा है और अब की बार उनका बेटा वहां से मुकाबले में होगा।

हरियाणा के फरीदाबाद और अम्बाला से आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाये जाने के समाचार मिले हैं। फरीदाबाद से

हमारे संवाददाता ने बताया है कि सेक्टर 31 स्थित श्री कृष्ण नवग्रह मंदिर में शाम को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जन्माष्टमी समारोह में शामिल होंगे । वहीं, केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर एक नंबर, तिकोना पार्क स्थित महारानी वैष्णो देवी मंदिर में श्रीकृष्ण का जन्माष्टमी मनाएंगे।शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकियां सजाई जा रही हैं और फरीदाबाद के बाजारों में भी जन्माष्टमी के उत्सव का विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

अंबाला में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूम धाम से मनाई जा रही है मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया गया है ।मंदिरों में मनमोहक झांकियां भी बनाई गई है । रात्रि में कीर्तन होगा और कृष्ण जनम के बाद प्रसाद वितरण होगा।